आज का पंचांग

▪ पंडित प्रो. विनोद शास्त्री

तिथि संवत् : ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष एकादशी, बुधवार दोपहर 01:47 तक रहेगी। विक्रम संवत् 2080, शाके 1945, हिजरी 1444, मुस्लिम माह जिल्काद, तारीख 10, सूर्य उत्तरायण, ग्रीष्म ऋतु, 31 मई।
सूर्योदय कालीन नक्षत्र : हस्त नक्षत्र प्रातः 06:00 तक, इसके बाद चित्रा नक्षत्र रहेगा। व्यतिपात योग रात्रि 08:14 तक, इसके बाद वरियान योग रहेगा। विष्टि करण दोपहर 01:47 तक, इसके बाद बव करण रहेगा।
ग्रह विचार (प्रातः 05:30):सूर्य-वृष, चंद्र-कन्या, मंगल-कर्क, बुध-मेष, गुरु-मेष, शुक्र-कर्क, शनि-कुंभ, राहु-मेष, केतु-तुला राशि में स्थित है।
राहुकाल : दोपहर 12:00 से 01:30 तक रहेगा।
दिशाशूलः उत्तर दिशा- जरूरी हो तो मिश्री या सौंफ खाकर यात्रा करें।
शुभाशुभ ज्ञानम : भद्रा दोपहर 01:47 तक, निर्जला एकादशी व्रत सबका, स्वयं सिद्ध अबूझ मुहूर्त, व्यतिपात पुण्यं, भीम एकादशी, गायत्री जयंती, रुक्मणी विवाह उड़ीसा, विश्व तंबाकू निषेध दिवस।
चौघड़िया मुहूर्त : प्रातः 05:37 से 09:01 तक लाभ व अमृत का, प्रातः 10:43 से 12:24 तक शुभ का, दोपहर 03:48 से 05:30 तक चर का, सायं 05:30 से 07:11 तक लाभ का चौघड़िया रहेगा।

आज जन्मे बच्चों के नामाक्षर व राशि

समय	नक्षत्र	चरण	पाया	राशि	नामाक्षर
05:37	हस्त	4	रजत	कन्या	ठ
06:00	चित्रा	1	रजत	कन्या	पे
12:16	चित्रा	2	रजत	कन्या	पो
18:30	चित्रा	3	रजत	तुला	र
24:40	चित्रा	4	रजत	तुला	री

राशिफल

मेष : **शुभ अंक...3 शुभ रंग...हरा** : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कारोबार में लाभ के योग हैं। विद्यार्थियों का पढ़ाई में मन लगेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कार्यस्थल पर खुशनुमा वातावरण बनेगा।

वृष : **शुभ अंक...2 शुभ रंग...गुलाबी** : मार्केटिंग से जुड़े कार्य के लिए समय अनुकूल है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। तनाव को दूर करने के लिए ध्यान योग लाभप्रद रहेगा। सोच-समझकर निवेश करें।

मिथुन : **शुभ अंक...9 शुभ रंग...सुनहरा** : नौकरी पेशा लोगों के स्थान परिवर्तन के योग हैं। प्रेम संबंधों में गलतफहमी बढ़ सकती है। कानूनी मामलों में धन खर्च बढ़ेगा। जोखिम के कार्यों से दूर रहें।

कर्क : **शुभ अंक...1 शुभ रंग...लाल** : राजनीति से जुड़े लोगों को नई जिम्मेदारी मिल सकती है। कार्यस्थल पर मानसिक दबाव रहेगा। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। विवादास्पद मामलों से दूर रहें।

सिंह : **शुभ अंक...7 शुभ रंग...मेहंदिया** : भाग्य साथ देगा। नौकरी धंधे के लिए दिया साक्षात्कार सफल रहेगा। कार्यस्थल पर अच्छे प्रदर्शन से अधिकारी संतुष्ट होंगे। नई योजना क्रियान्वित होगी।

कन्या : **शुभ अंक...4 शुभ रंग...कत्थई** : कार्यस्थल पर वाद-विवाद की स्थिति बढ़ सकती है। धर्म-कर्म में रुझान बढ़ेगा। प्रियजन का सान्निध्य मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

तुला : **शुभ अंक...5 शुभ रंग...सफेद** : कारोबार में विस्तार की योजना बनेगी। संपत्ति में निवेश लाभदायी रहेगा। धार्मिक यात्रा का योग है। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

वृश्चिक : **शुभ अंक...4 शुभ रंग...नीला** : परिवार के संग मौज-मस्ती में समय गुजरेगा। नए रोजगार के अवसर मिलेंगे। अध्ययन के लिए आर्थिक सहायता मिलेगी। ब्लडप्रेशर की समस्या बढ़ सकती है।

धनु : **शुभ अंक...6 शुभ रंग...लाल** : घरेलू जरूरत के लिए कर्ज लेना पड़ सकता है। बड़ी खरीदारी के योग हैं। पिता के स्वास्थ्य में गिरावट रहेगी। विरोधी गुट परेशानी बढ़ा सकता है। धैर्य बनाए रखें।

मकर : **शुभ अंक...9 शुभ रंग...चॉकलेटी** : प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता के योग हैं। घर की साज-सज्जा पर खर्च बढ़ेगा। शारीरिक थकान महसूस करेंगे। व्यापार में लाभ के योग हैं। धर्म में रुचि बढ़ेगी।

कुंभ : **शुभ अंक...3 शुभ रंग...बैंगनी** : उच्चाधिकारियों का सहयोग मिलने से मनोबल बढ़ेगा। पारिवारिक वातावरण सकारात्मक रहेगा। वित्तीय संबंधी काम स्थगित हो सकते हैं। स्वास्थ्य नरम रहेगा।

मीनः **शुभ अंक...7 शुभ रंग...पीला** : मौसमी बदलाव नुकसान पहुंचा सकता है। महत्वपूर्ण निर्णय बड़े बुजुर्गों के मार्गदर्शन में ही लें। परिवार में मांगलिक आयोजन संपन्न होंगे। संपर्क क्षेत्र बढ़ेगा।

वर्ड-प्ले-177

अ	व	खु क	र	ण
गौ	र रै	या	बू बा	ज
मृ	दा दु	र रो	मि	ल
श शा	ह	बू ब	लू	त
गु	ल	त	र रा	श

आपको पांच अक्षर का एक सही शब्द खोजना है। नीचे दिए पांच खानों में सही शब्द लिखें। कुछ संकेत इस तरह हैं-
▪ सही शब्द हरे-पीले खानों में लिखे अक्षरों से ही बनेगा।
▪ हरे खानों के अक्षर जवाब में इसी क्रम में आएंगे।
▪ स्लेटी खानों में लिखे अक्षरों का प्रयोग नहीं होगा।

▪ कल का जवाब : **भाई ठाकुर**

क्रॉसवर्ड-177

© Bird Features & Writing Agency

बाएं से दाएं:-
1. चिकना, समतल, बिल्कुल साफ और स्वच्छ (4)। 4. शादी (3)। 6. लचकने का भाव (3)। 7. विलाप करना, दुख उठाना (4)। 9. लाड़-प्यार और सम्मान के साथ की गई देखरेख (2)। 13. खोज, निशान (3)। 15. बुद्धिमान, समझवाला (5)। 18. अंधकार (2)। 19. चैन, आराम (3)। 20. लेप करना, फैलाना (3)। 21. समय, मौत (2)। 24. श्याम, स्याह, कलुषित (2)। 25. बीता हुआ, मृत (2)। 27. जो सुनने में समर्थ न हो (3)। 29. पार उतारने का साधन (4)। 30. माता सीता के पति (2)।

ऊपर से नीचे:-
2. आवश्यकता से अधिक (3)। 3. स्थगित होना, खिसकना (3)। 4. व्याकुल (3)। 4. हरण कर लेना, दूर करना (3)। 7. कमाने वाला (4)। 8. केसर का चूर्ण, पुष्परज (3)। 10. विष, हलाहल (3)। 11. भारत का एक राज्य (3)। 12. शाम, सायंकाल (2)। 14. राम के चरित्र का अभिनय (4)। 16. माला, मोती (3)। 17. मूल्य, कीमत (2)। 19. नहीं आया हुआ (4)। 22. होंठ (2)। 23. अटकाव, विश्राम (3)। 24. लकड़ी (2)। 26. रोटी बनाते है इस पर (2)। 28. एक रंग (2)।

क्रॉसवर्ड 176 का उत्तर

ल[1]	क्ष्मी	बा[2]	ई	■	स[3]	■	स[4]	वा
क्ष्म	■	ल	■	प[5]	ह	चा	न	■
ण	■	प[6]	ल[7]	ट	ना	■	क[8]	द[9]
■	अं[10]	न	ब	न	■	ब[11]	ना	म
सा[12]	ज	■	■	दे[13]	वा	स	■	दा
■	गं[14]	ज़[15]	न	वी	■	नो[16]	ह[17]	र
त[18]	र	ह	■	■	दो[19]	■	द	■
रं	■	री[20]	ति	रि[21]	वा	ज[22]	■	हो[23]
गं[24]	म	ला	■	क्त	■	मो[25]	या	वी

निरीक्षण • पिछोर उप स्वास्थ्य केंद्र में एसडीएम को मिली कई खामियां, जांच के निर्देश

शिशु वार्ड में गंदगी, कर्मचारी भी नहीं, बीएमओ को जांच करने के दिए निर्देश

भास्कर संवाददाता | पिछोर

पिछोर एसडीएम अरविंद शाह ने पिछोर उप स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में अस्पताल में तमाम खामियां पाई गई। एसडीएम शाह ने बताया लोगों के द्वारा लगातार शिकायतें मिल रही थी कि उप स्वास्थ्य केंद्र पिछोर में मरीजों के इलाज की व्यवस्था ठीक नहीं है। न ही उनके साथ व्यवहार ठीक से किया जाता। वहीं दूसरी ओर सबसे बड़ी अव्यवस्था पानी की पाई गई यहां मरीजों को पीने के पानी के लिए वाटर कूलर की व्यवस्था है मगर वह भी स्थाई रूप से बंद पड़ा हुआ मिला। जिसके सुधार के लिए एसडीएम ने निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान ड्यूटी चार्ज भी अपडेट नहीं पाया गया जिसमें अंतिम चार्ज जनवरी माह में हुआ था। वहीं मरीजों को उपयोग किए जाने वाले शौचालय भी बंद मिला। इस समस्या को देखते हुए एसडीएम ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ साथ नवजात शिशु वार्ड में भी साफ सफाई नहीं पाई गई मौके पर ही ऑक्सीजन प्लांट को भी देखा गया जहां कर्मचारी मौके पर कार्यरत नहीं पाया गया। वही निरीक्षण के दौरान उपस्थिति पंजी का भी अवलोकन किया गया जिसमें अत्यधिक लोग अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। एसडीएम के औचक निरीक्षण के दौरान बीएमओ को इस संबंध में जांच कर प्रतिवेदन देने के लिए आदेश किया गया। वही लापरवाह कर्मचारियों को नोटिस जारी किया गया एवं अस्पताल की कार्यप्रणाली को देखते हुए उसे सुधार करने हेतु कड़े निर्देश दिए गए।

एसडीएम उप स्वास्थ्य केंद्र पिछोर का किया औचक निरीक्षण ।

महिला मरीज का वजन 42 किलोग्राम की जगह 50 किलोग्राम लिखा

पिछोर एसडीएम ने उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया जहां उन्हें कई जगह लापरवाही देखने को मिला। स्टाफ नर्स माया शर्मा द्वारा डाटा के साथ छेड़छाड़ करते हुए पाई गई जिसमें उन्होंने बगैर वीपी नापे हुए मन के अनुसार भर दिया एवं वजन नापने की मशीन कैलीबरेट नहीं की गई। जिसकी वजह से महिला आवेदक का वजन 42 किलोग्राम की वजह से 50 किलोग्राम अंकित किया गया। ऐसा प्रत्येक आवेदक के साथ हुआ जो घोर लापरवाही की अंतर्गत आता है।

एक्सरे मशीन दो माह से बंद, ऑपरेटर नदारद

उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया तो देखा कि एक्स-रे मशीन बंद रखी थी पूछने पर पता चला कि वह करीब 2 माह से बंद पड़ी हुई है वहीं एक्स-रे मशीन का ऑपरेटर भी निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित नही था। जिस कारण मरीजों को इसका लाभ ना मिलने से लोगों की समस्या बनी हुई है। लोगों को एक्सरे कराने बाहर जाना पड़ा रहा था।

बहुत खामियां मिली, नोटिस देने के दिए निर्देश

उपस्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया तो वहां बहुत खामियां मिली। वजन नापने की मशीन कैलीबरेट नहीं की गई जिसकी वजह से महिला का वजन 42 की जगह 50 किलोग्राम मन से लिख दिया। यह बहुत बड़ी लापरवाही है बीएमओ को इस संबंध में जांच कर प्रतिवेदन देने के लिए आदेश किया गया। वहीं लापरवाह कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं।
-अरविंद शाह, एसडीएम पिछोर।

ठेकेदार ने मेले में 10 की जगह 3 कार्यक्रम कराए, खत्म हुआ मेला

सीएमओ बोले- ठेका शर्तों का पालन नहीं हुआ

भास्कर संवाददाता | शिवपुरी

सिद्धेश्वर बाणगंगा मेले का 30 मई को आखिरी दिन रहा, इसी के साथ नगर पालिका की तरफ से मेला खत्म हो गया है। इस बीच ठेकेदार ने भी 10 में से महज 3 ही कार्यक्रम कराए। ठेकेदार द्वारा ठेका शर्तों का पालन नहीं किया। इस कारण नपा अब मेले की अवधि 10 से 15 दिन और बढ़ाने से साफ इनकार कर रही है। जानकारी के मुताबिक सिद्धेश्वर बाणगंगा मेले का इस साल कृष्णा इंटरप्राइजेज को दिया है। 17 अप्रैल को अनुबंध कर 26 अप्रैल से मेला प्रारंभ हो गया था। मेला समयावधि 30 मई निर्धारित की थी जो मंगलवार को पूरी हो गई है। मेला शर्तों में स्पष्ट उल्लेख है कि मेला रंगमंच पर 10 कार्यक्रम ठेकेदार द्वारा कराए जाएंगे। लेकिन ठेकेदार ने पहले दिन सुंदरकांड कराया फिर कई दिन कोई गतिविधि नहीं कराई। नपा सीएमओ ने कार्रवाई के लिए नोटिस दिए तो लोकगीत और कवि सम्मेलन कार्यक्रम करा दिया। लेकिन कार्यक्रम मंच अपेक्षाकृत सही तरीके से नहीं सजाया गया। मेला रंगमंच अन्य सालों की तुलना में खराब रहा। ठेकेदार द्वारा शर्तों का उल्लंघन किया गया है। इसलिए नपा मेला अवधि आगे और नहीं बढ़ा रही है।

तारीख आगे नहीं बढ़ी तो आज बत्ती गुल हो जाएगी

नगर पालिका ने मेला 30 मई तक निर्धारित किया है। बिजली कंपनी को 30 मई तक सप्लाई देने कहा गया है। बुधवार को दिन में अवधि नहीं बढ़ी तो मेले की बत्ती गुल हो जाएगी और बुधवार रात मेला नहीं लग पाएगा।

मेले में दस कार्यक्रम कराने थे, तीन ही हुए

ठेकेदार को शर्त अनुसार मेला रंगमंच पर दस कार्यक्रम कराने थे, सुंदरकांड सहित कुल तीन कार्यक्रम कराए हैं। अन्य शर्तों का भी पालन नहीं हुआ है। मेला 30 मई तक तय हुआ था। आगे कोई तारीख नहीं बढ़ाई जा रही है।
-केशव सिंह सगर, सीएमओ, नगर पालिका शिवपुरी

मानदेय की मांग को लेकर संघ ने डीईओ को सौंपा ज्ञापन

भास्कर संवाददाता | करैरा

आजाद अतिथि संघ के जिला अध्यक्ष कांति मोहन बरार ने अतिथि शिक्षकों के दिसंबर 2022 से अप्रैल 2023 तक के मानदेय भुगतान न मिलने पर गहरा रोष जताया है। इसी क्रम में आज संघ के पदाधिकारियों द्वारा जिलाधीश द्वारा आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे और आवेदन देकर शीघ्र मानदेय भुगतान की मांग की। तत्पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी एसएस राठौर से मुलाकात कर समस्याओं से अवगत कराया और कहा कि अतिथि शिक्षक पूर्ण शिक्षित युवा बेरोजगार हैं। हमारे पास कोई अन्य जीव को उपार्जन के लिए साधन नहीं है। हमारा मानदेय भुगतान दिसंबर 22 से अप्रैल 23 तक का शेष है जिसे तत्काल भुगतान कराया जाय। ज्ञापन देने वालों में आज़ाद अतिथि शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष कांतिमोहन बरार, ब्लॉक करैरा अध्यक्ष गणेश भार्गव, कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष मोहन प्रजापति, महा सचिव विवेक भार्गव, धर्मेंद्र वर्मा, सियाराम कडारे सहित अन्य अतिथि शिक्षक उपस्थित थे।

डीईओ को ज्ञापन सौंपते हुए।

हायर सेकंडरी वीरा का रिजल्ट शतप्रतिशत

भौंती | मंडल परीक्षा की दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में विकासखंड पिछोर में ग्रामीण अंचल के विद्यालय हायर सेकंडरी वीरा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वीरा में बारहवीं परीक्षा में 23 छात्रों ने परीक्षा दी और 23 ही पास हो गए इनमें से 19 छात्रों ने प्रथम श्रेणी और 4 छात्रों ने द्वितीय श्रेणी हासिल की। विखं शिक्षा अधिकारी विनोद गुप्ता ने बताया मंडल रिजल्ट का विद्यालय बार विश्लेषण किया जा रहा है। हायर सेकेंडरी परीक्षा में कुल 2290 छात्र सम्मिलित हुए थे इनमें से 1310 छात्र पास हो गए 909 छात्र प्रथम श्रेणी से एवं 401 छात्रों को द्वितीय श्रेणी मिली है। जिन विद्यालयों का रिजल्ट कमजोर रहा इसकी जानकारी डीईओ को भेज दी है। इसी प्रकार हाई स्कूल में कुल 29 विद्यालयों के 2200 छात्र सम्मिलित हुए इनमें से 1100 पास हो गए हैं।

प्रतियोगिता में दिलाई स्वच्छता की शपथ

मिशन लाइफ के तहत ग्राम कांकर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

भास्कर संवाददाता | सतनवाड़ा

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तहत संचालित नेहरू युवा केंद्र शिवपुरी के द्वारा संचालित अमर युवक मंडल ग्राम कांकर के सहयोग से कांकर की आंगनवाड़ी क्रमांक 1 पर ग्रामीण युवाओं में मिशन लाइफ कार्यक्रम के अन्तर्गत चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कराई गई जिसके मुख्य अतिथि शिशुपाल धाकड़ सरपंच कांकर, वरिष्ठ अतिथि रघुवीर यादव कृषि विभाग आत्मा से अमर युवक मंडल कांकर से चंदन सिंह धाकड़, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीरा पाठक, सहायिका अंगूरी सैन के अलावा मुख्य रूप से ग्रामीण युवा, युवतियां थी जिनके द्वारा चित्रकला आयोजित की गई।

स्वच्छता की शपथ लेते कर्मचारी व ग्रामीण।

चित्रकला प्रतियोगिता का चयन अतिथियों द्वारा किया गया। जिसमें प्रथम स्थान पर नीलम धाकड रही वहीं द्वितीय स्थान पर रितू धाकड़, तीसरा स्थान मुस्कान कुशवाह तथा चौथा स्थान पर मोहिनीश वर्मा रहे। चारों विजेता प्रतिभागियों को सरपंच शिशुपाल धाकड़, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीरा पाठक के द्वारा उत्साह बढ़ाने के लिए पुरस्कार प्रदान किए। चंदन सिंह धाकड़ के द्वारा उपस्थित सभी युवाओं को नेहरू युवा केंद्र के बारे मे जानकारी दी और बताया कि नेहरू युवा केंद्र खेलो के अलावा और भी विभिन्न क्षेत्रों में काम करता हैं सरपंच शिशुपाल धाकड़ के द्वारा सभी को स्वच्छता की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति कांकर के द्वारा सहयोग किया गया वही कार्यक्रम के समापन पर मिथुन धाकड़ के द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

राकेश भार्गव बने कर्मचारी कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष



राकेश भार्गव

कोलारस/शिवपुरी | मध्य प्रदेश कर्मचारी कांग्रेस के कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष मुनेंद्र सिंह परिहार ने जिलाध्यक्ष सतीश वर्मा की अनुशंसा पर राकेश भार्गव को कोलारस ब्लॉक का निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया है। जिलाध्यक्ष सतीश वर्मा ने बताया कि प्रांताध्यक्ष मुनेन्द्र सिंह परिहार के मुख्य आतिथ्य और जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में ब्लॉक अध्यक्ष के निर्वाचन हेतु कोलारस ब्लॉक से सिर्फ एक ही आवेदन प्राप्त हुआ था जिस पर प्रांत अध्यक्ष परिहार ने कोलारस के ग्राम गोहरी के शिक्षक राकेश कुमार भार्गव को निर्विरोध ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत किया है साथ ही शिव सिंह जाटव को पंचायत प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

करई में पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

भास्कर संवाददाता | बरेठ

ग्राम पंचायत कराई के कराई डंडा क्षेत्र जाटव बस्ती में लंबे समय से लोग पानी के लिए परेशान हैं। गर्मियों का मौसम शुरू होते ही जल संकट के कारण हालात विकराल रूप लेने लगते हैं। ग्रामीण क्षेत्र के कई गांव में लोगों के घरों में पानी का स्थाई इंतजाम नहीं है। उन्हें मजबूरी में एक दूसरे के घर जाकर पानी के लाना पड़ता है। ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री नल जल योजना के तहत घर-घर नल लगाकर पानी पहुंचाने का काम चल रहा है। ग्राम पंचायत करही में ज्यादातर लोगों के घरों में अब तक नल कनेक्शन हुए हैं और ना ही पानी का कोई इंतजाम किया गया है। ग्राम पंचायत के सरपंच अपीसा इंदल सिंह ने बताया कि ज्यादातर गांव में लोगों के घरों में अब तक नल कनेक्शन नहीं हुए हैं। कुछ लोग निजी बोरिंग से खुद का काम चला रहे हैं। उन्होंने बताया कालोनी पानी की किल्लत ज्यादा है। इसके अलावा डंडा, शंकरपुर, बरेठ, गोपालपुर, हरिजन बस्ती सहित अन्य मोहल्लों में पानी के लिए लोग परेशान हैं।

सीखो कमाओ योजना में युवाओं को प्रशिक्षण देकर दक्ष बनाएं: कलेक्टर

शिवपुरी | अभी मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी, ताकि वह कुशल होकर काम कर सकें। इसके तहत कई क्षेत्रों को चिन्हित किया है, जिनसे संबंधित प्रतिष्ठानों को भी इससे जोड़ा जाएगा। इसके लिए संबंधित प्रतिष्ठान को रजिस्ट्रेशन कराना होगा। यह रजिस्ट्रेशन 7 जून से शुरू होंगे। इसमें संबंधित संस्थान का जीएसटी पंजीयन होना जरूरी है। कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने योजना के संबंध में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना को लेकर व्यवसायियों को जानकारी देने और उनकी भूमिका से अवगत कराने के उद्देश्य से बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों के उद्यमी मौजूद रहे। होटल संचालक भी उपस्थित रहे। सभी को योजना के बारे में विस्तार से बताया गया और कहा कि इसमें सभी की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। बैठक के दौरान उपस्थित उद्यमियों से सुझाव भी लिए गए, जिससे कि योजना का क्रियान्वयन बेहतर ढंग से किया जा सके।

4 दिन से जमीन पर पड़ा 11 केबी का तार, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

भास्कर संवाददाता | कोलारस

तेंदुआ थाना क्षेत्र के ग्राम उपकेंद्र खरई के मंडी प्रांगण में 11 केबी लाइन का विद्युत तार जमीन पर पड़ा हैं लेकिन विद्युत विभाग के कर्मचारी कोई ध्यान नहीं दे रहे। जानकारी के अनुसार विद्युत मण्डल कोलारस के खरई क्षेत्र में मंडी प्रांगण में पिछले 4 दिन से 11 केबी लाइन का तार खुले मे पड़ा हैं लेकिन विद्युत विभाग के कर्मचारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है गांव के नरोत्तम धाकड़ ने बताया की मंडी प्रांगण का विद्युत का एक पोल टूट जाने के कारण बड़ी लाइन का तार नीचे पड़ा है। वहीं ग्रामीणों ने इसकी सूचना कई बार धनीराम प्रजापति लाइनमैन को दे दी उसके बावजूद भी टूटे तार को दुरुस्त करने कोई भी कर्मचारी नहीं पहुंचा। कोलारस के खरई उपकेन्द्र अंतर्गत आने वाले ग्राम खराई के मंडी प्रांगण में 4 दिन से आबादी लाइन का विद्युत का पोल टूटा पड़ा हुआ है।

जो पुरानी पेंशन देगा, हमारा वोट उसे ही मिलेगा

करैरा| जो हमें पुरानी पेंशन दे हमारा वोट उसे होना चाहिए क्योंकि पुरानी पेंशन ही बुढ़ापे का सहारा है ये बात शिक्षक कांग्रेस के संभागीय अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह परमार ने करैरा स्थित होटल में करैरा के शिक्षक साथियों को संबोधित करते हुए बैठक के दौरान कही। इस अवसर पर उनके साथ शिक्षक कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी तथा ओपीएस आंदोलन के संयोजक मनमोहन सिंह जाटव तथा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष व्यास भी साथ रहे। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों को संबोधित करते हुए मनमोहन सिंह ने कहा हमें पेंशन मिलकर रहेगी किन्तु हमें लेना आना चाहिए। कार्यक्रम में नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रघुवंशी का स्वागत किया गया।

HDFC BANK

प्रधान कार्यालय : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापती बापट मार्ग, लोवर परेल (पश्चिम) मुम्बई - 400 013
क्षेत्रीय कार्यालय : एचडीएफसी बैंक लि., डिपार्टमेंट फॉर स्पेशल ऑपरेशन्स, सावित्री, 597-3/2, जी.सी.एफ. रोड़, सिविल लाईन, जबलपुर (म.प्र.) - 482001.

ई-नीलामी विक्रय सूचना

अचल संपत्तियों की ई-नीलामी बिक्री हेतु सार्वजनिक सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत बैंक को बंधक अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी की बिक्री सूचना।

जैसा कि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्ननिर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी मांग सूचना के अनुपालन में बैंक के बकाए नीचे वर्णित ब्याज की वसूली के लिए उसकी बिक्री करने के अधिकार के साथ एचडीएफसी बैंक के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में अधोहस्ताक्षरी ने निम्नलिखित ऋण खाताओं में निम्नलिखित संपत्तियों का भौतिक अधिग्रहण कर लिया है तथा ऋणी(यों)/बंधककर्ता(ओं)/जमानतदार(रों) द्वारा उसके भुगतान में विफलता के बाद उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक के बकाया की वसूली के लिए अधोहस्ताक्षरी **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा बिना सहारा के आधार पर''** उसकी बिक्री का प्रस्ताव करते हैं। नीचें दी गई संपत्तियों की बिक्री ई-नीलामी के माध्यम से वेब पोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर आयोजित की जावेगी।

अचल संपत्तियों का विवरण/ खाते/ राशि/ ईएमडी/ इत्यादी का विवरण

शाखा एवं खाता का नाम	संपत्ति के बंधककर्ता एवं जमानतदारों के नाम	समान बंधक संपत्ति का विवरण	मांग सूचना के अनुसार राशि / मांग सूचना दिनांक	निरिक्षण की तिथी एवं समय	आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली बढ़ाने की राशि	ई-नीलामी की तिथी/ समय	बोली प्राप्ती हेतु अंतिम तिथी	प्राधिकृत अधिकारी का नाम/फोन नं./ ई-मेल आईडी
शाखा- शिवपुरी एवं खाता- **पी एल स्टोर, इनके प्रोप्रा. श्री हुकुम चंद राठौर**	**श्रीमती प्रेमलता राठौर**	वार्ड नंबर 37, इंडियन पब्लिक स्कूल के पास, झिंगुरा, शिवपुरी जिला-शिवपुरी मध्य प्रदेश में स्थित संपत्ति, **संपत्ति मालिक- श्रीमती प्रेमलता राठौर, प्लॉट का क्षेत्रफल : 1500 वर्ग फीट, चर्तु:सीमा** : पूर्व : श्री दाताराम का मकान, पश्चिम : श्री दाताराम का मकान, उत्तर : श्री दाताराम का मकान, दक्षिण : रोड	**रु. 43,87,821/-** **नोटिस दि.** 1 जून 2020 30/04/2020 को बकाया राशि आगे के ब्याज के साथ ब्याज का समावेश @ 18% प्रतिवर्ष 01 मई 2020 से मासिक के साथ क्रेडिट सुविधाओं के तहत पूर्ण और अंतिम भुगतान की तारीख तक।	**15/06/2023 सुबह 10.00 बजे से आगे तक**	आरक्षित मूल्य **Rs.47,00,000/-** ईएमडी **Rs.4,70,000/-** बोली बढ़ाने की राशि **1,00,000/-**	**07/07/2023 प्रात: 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक**	**04/07/2023 सायं 4 बजे तक**	**सुनील भानुशाली : 9923176985** **आशीष रावत 9981126286 Ashish.rawat9@hdfcbank.com**

नियम एवं शर्ते
1. ई-नीलामी **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा बिना सहारा के आधार पर''** आयोजित की जा रही है।
2. इच्छुक बोलीदाता को लागिन आईडी एवं पासवर्ड के माध्यम से वेबपोर्टल **https://www.bankeauctions.com** पर ईएमडी के विवरणों तथा दस्तावेजों को जमा करना होगा (यूजर आईडी तथा पासवर्ड **https://www.bankeauctions.com** पर नाम पंजीकृत कर निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है) ईएमडी का भुगतान अधोलिखित खाता नं. : **02400930000063** खाता का नाम : **DOC SERV**, लाभार्थी का नाम : एचडीएफसी बैंक लि., आईएफएससी कोड : **HDFC0000240** में एनईएफटी/आरटीजीएस द्वारा करना होगा। कृपया ध्यान दें कि चेक/डिमांड डाफ्ट ईएमडी राशि के रुप में स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
3. प्राधिकृत अधिकारी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी में बैंक के रिकॉर्ड अनुसार संपत्ति पर नियम एवं शर्तो में उल्लिखित के अलावा कोई अन्य भार अर्थात संविधिक बकाया जैसे संपत्ति कर, सोसायटी बकाया आदि नहीं है। फिर भी बैंक, आदि कोई हो किसी भी वर्तमान/भूतकाल/भविष्य बकाया असंविधिक बकाया/संविधिक बकाया/अधिभारों/बकाया करों/मुकदमेबाजी के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। इच्छुक बोलीदाता अधिभारों, संपत्ति/यों के टाइटल के विषय में अपनी स्वतंत्र जांच कर स्वयं को संतुष्ट कर लें। **संपत्ति का निरिक्षण उपर वर्णित तिथी एवं समय में ही किया जा सकता है।**
4. ईएमडी जमा किए होने वाले इच्छुक बोलीदाताओं जिन्हे लॉगीन आईडी एवं पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई-नीलामी प्रक्रिया पर प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए सहयोग अपेक्षित हो, वे हमारे सेवा प्रदाता **मे. सी 1 इंडिया प्रा. लि., प्लाट नं. 301, गल्फ पेट्रोकेम बिल्डिंग, उद्योग विहार, फेज-2, गुड़गांव, हेल्पलाईन नं. 0124-4302020/ 21/22/23/24, श्री मिथिलेश कुमार, मोबाईल : 7080804466 एवं श्री हरीश गोवडा मो.: 09594597555,** हेल्पलाईन ई-मेल आईडी : **support@bankeauctions.com** से संपर्क करें तथा संपत्ति संबंधि पूछताछ के लिए उपरोक्त संबंधित प्राधिकृत अधिकारी से कार्यालय अवधि (प्रातः 10.00 बजे से 5.00 बजे) के दौरान कार्यदिवसों को संपर्क करें।
5. उच्चतम बोली एचडीएफसी बैंक लिमिटेड की स्वीकृ